चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल / आयुर्वेद / 7726
दिनांक : 09.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित बी०ए०एम०एस० (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम की पूरक परीक्षा के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन (Online) भरें जायेंगे, जिसकी प्रक्रिया निम्न प्रकार से होगी:–

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर BAMS(Ayurved) Form पर Click करें।
2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
3. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय / संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं? क्योंकि बी०ए०एम०एस० (आयुर्वेद) पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है।
6. महाविद्यालय / संस्थान प्राचार्य केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म ही ऑनलाईन अग्रसारित करेंगे तथा इस आशय का एक शपथ पत्र भी विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे कि उनके द्वारा केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय प्रेषित किये जा रहे है। महाविद्यालयों से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेष निर्देश:–

i. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय / संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि परीक्षा फार्म एल्फावेटिकल एवं अनुक्रमांकवार बांधकर, उसी क्रम में, कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट और उसकी सौफ्ट कॉपी भी बनाकर लायें, हाथ से बनी हुई नहीं।

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–</u>

1.	विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	11.07.2026
2.	अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा फार्म एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	24.07.2026
3.	भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि	25.07.2026
4.	महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि	27.07.2026

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त बी0ए0एम0एस0 (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त से सम्बन्धित नियमानुसार समस्त अर्ह विद्यार्थियों के ही परीक्षा फार्म अग्रसारित करें।
2. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ।
6. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
7. उप कुलसचिव(परीक्षा)।
8. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रभारी (सामान्य / भण्डार)।
11. आशुलिपिक कुलसचिव।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
13. प्रभारी, वेबसाइट / कम्प्यूटर केन्द्र
14. विश्वविद्यालय सूचना पट।
15. अधिकृत ऐजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव
(व्य0परीक्षा)